भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 1384
गुरुवार, 13 फरवरी, 2025 (24 माघ, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

नागर विमानन अवसंरचना का विस्तार

1384. श्री दामोदर अग्रवाल:
श्री योगेन्द्र चांदोलिया:
श्री आलोक शर्मा:
श्री लुम्बा राम:
श्रीमती शोभनाबेन महेन्द्रसिंह बारैया:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) क्या सरकार का श्रेणी-2 और श्रेणी-3 के शहरों में नागर विमानन अवसंरचना के विस्तार के लिए कोई योजना लागू करने का विचार है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(ग) क्या सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय नागर विमानन दिवस समारोह के दौरान कोई बड़ी घोषणा/नीतिगत घोषणाएं की हैं;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा उक्त घोषणाओं का देश के नागर विमानन क्षेत्र पर क्या प्रभाव पड़ा है; और
(ङ) विगत तीन वर्षों के दौरान देश में नागर विमानन क्षेत्र में कौन-सी प्रमुख या उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की गई हैं?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) और (ख): टियर-2 और टियर-3 शहरों सहित नागर विमानन अवसंरचना का विस्तार एक सतत प्रक्रिया है और इसे भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) और अन्य हवाईअड्डा प्रचालकों/विकासकर्ताओं द्वारा समय-समय पर भूमि की उपलब्धता, वाणिज्यिक व्यवहार्यता, सामाजिक-आर्थिक कारकों, यातायात मांग/एयरलाइनों की ऐसे हवाईअड्डे से/के लिए परिचालन करने की इच्छा, के आधार पर निष्पादित किया जाता है। टियर-2 और टियर-3 शहरों में अप्रयुक्त हवाईअड्डों को भी उड़ान योजना के अंतर्गत प्रचालन के लिए विकसित किया जाता है और योजना के प्रावधानों के अनुसार आशोधित किया जाता है।

(ग) और (घ): अंतर्राष्ट्रीय नागर विमानन दिवस 2024 का विषय था 'सुरक्षित आसमान' संधारणीय भविष्य: अगले 80 वर्षों के लिए एक साथ। भारत सरकार (जीओआई) ने दिनांक 07.12.2024 को मनाए गए अंतर्राष्ट्रीय नागर विमानन दिवस के अवसर पर कोई बड़ी घोषणा या नीति अद्यतन नहीं किया है।

(ङ) पिछले दशक में हमारे नागर विमानन क्षेत्र में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। देश में नागर विमानन के क्षेत्र में हाल की उपलब्धियां या कीर्तिमान इस प्रकार हैं:

- पिछले 3 वर्षों में भारतीय एयरलाइनों ने 1700 से अधिक नए विमानों का ऑर्डर दिया है।
- भारत ने ग्रामीण क्षेत्रों, विशेष रूप से कृषि क्षेत्र में अत्यंत महत्वाकांक्षी ड्रोन परियोजना शुरू की है और 'ड्रोन दीदी' अभियान के माध्यम से प्रशिक्षित ड्रोन पायलटों का एक समूह भी तैयार किया है।

- भारत सरकार ने अब तक देशभर में 21 ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों की स्थापना के लिए 'सैद्धांतिक' मंजूरी दे दी है।

-अनुसूचित घरेलू भारतीय एयरलाइनों द्वारा घरेलू यात्री यातायात में पिछले वर्ष की तुलना में वर्ष 2024 में 5.9% की वृद्धि देखी गई है, जो एक नया रिकॉर्ड है जहां 17 नवंबर, 2024 को घरेलू हवाई यात्री यातायात पहली बार एक दिन में 5 लाख को पार कर गया।

-जनवरी से नवंबर 2024 की अवधि के दौरान अनुसूचित भारतीय और विदेशी प्रचालकों द्वारा अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर कुल 64.5 मिलियन यात्रियों को यात्रा कराई गई, जबकि यह संख्या वर्ष 2023 में समान अवधि में 58.0 मिलियन थी, जिससे इसमें 11.4% की वृद्धि देखी गई।

-वर्ष 2024 (जनवरी-दिसंबर) के दौरान, अनुसूचित/अनुसूचित कम्प्यूटर ऑपरेटरों का विमान बेड़ा 771 से बढ़कर 834 हो गया है।

******